Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding the safety of Bengali People.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, भुखमरी और गरीबी से पीड़ित होकर बंगाल से लाखों की तादाद में लोग बंगाल छोड़कर बाहर बहुत सारे सूबों में रोजी-रोटी कमाने और पेट भरने के लिए जाते हैं। लेकिन आज बंगाल के लोग बाहर के बहुत सारे सूबों में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। खासकर गुजरात में, यूपी में और अभी कुछ दिन पहले बंगाल से असम में हमारे अल्पसंख्यक लोगों का एक गुट गया था। लेकिन वहां उन लोगों की हत्या की गई।…(व्यवधान) पिछले कई महीनों में भी असम में ऐसा हुआ है कि बंगाल के लोगों की वहां पर हत्या की जा रही है।…(व्यवधान) महोदय, असम में बंगाली लोग सुरक्षित नहीं हैं। मैं आपके सामने यह अर्जी रखता हूं कि आप सरकार से कहिए…(व्यवधान) कि बंगाली लोगों को सुरक्षित किया जाए।…(व्यवधान)